# मैनेजमेंट कॉन्क्लेव 2025

## 'संभावनाओं की तलाश जारी रखना प्रबंधक का है दायित्व'



आइआइएम रांची में आयोजित कान्क्लेव में अतिथि का स्वागत करते निदेशक

**जासं, रांची** : आइआइएम रांची में शनिवार को स्वामी विवेकानंद आडिटोरियम में मैनेजमेंट कान्क्लेव 2025 का आयोजन किया गया। कान्क्लेव का संचालन अनिश्चितता विषय पर हुआ। जिसमें उद्योग जगत के पेशेवरों व प्रबंधकों ने बदलते समय के साथ व्यवसाय और प्रबंधन के बदलते स्वरूप पर चर्चा की। संस्थान के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा बी-स्कूल के विद्यार्थियों के लिए मैनेजमेंट कान्क्लेव ग्लोबल कंपनी के इकोसिस्टम और नेतृत्वकर्ताओं के अनुभव से सीखने का अवसर है। इससे विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता को नया आयाम और जीवन को लक्ष्य मिलता है।

Dainik Jagran_13.07.2025_P.IV

## आईआईएम में दिग्गजों ने विद्यार्थियों को बताए प्रबंधन के गुर

# अनुभव से सीख और नए लक्ष्य मिलते हैं: प्रो दीपक

**रांची, विशेष संवाददाता।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में मैनेजमेंट कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें उद्योग जगत के दिग्गजों ने बदलते समय के साथ व्यवसाय और प्रबंधन के बदलते स्वरूप पर चर्चा की। कॉन्क्लेव का विषय था- अनिश्चितता। संस्थान के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने इसकी शुरुआत करते हुए कहा कि बी-स्कूल के विद्यार्थियों के लिए मैनेजमेंट कॉन्क्लेव ग्लोबल कंपनी के इकोसिस्टम और नेतृत्वकर्ताओं के अनुभव से सीखने का अवसर है। इससे विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता को नया आयाम और जीवन को लक्ष्य मिलता है। साथ ही, अनुभवी लोगों से उद्योग जगत में काम करने की सीख नए लक्ष्य देती है।

प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि प्रबंधन एक ऐसा अनुशासन है जिसमें शोध और शिक्षा दोनों शामिल हैं। कहा आज की-बहु-वास्तविक दुनिया में सामाजिक वास्तविकताओं को समझना जरूरी है, ताकि संसाधनों की पहचान कर उनका सही इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने आज के कॉर्पोरेट दौर कि अनिश्चितता पर बात की। कहा कि आज के व्यावसायिक परिवेश में जटिलताएं हैं, जहां निश्चित गणना कारगर नहीं हो सकती, ऐसे में संभावनाओं की खोज करना ही एकमात्र सफलता का मार्ग है।




आईआईएम के कॉन्क्लेव में शनिवार को अतिथियों का स्वागत करते प्रो दीपक श्रीवास्तव।

### अपने लक्ष्य को तय कर आगे बढ़ें: रंगास्वामी

विशिष्ट अतिथि एलटीआई माइंडट्री के ग्लोबल डेलिवरी हेड उमाशंकर रंगास्वामी ने कॉर्पोरेट जगत के व्यवधान को पहचानने के लिए परिस्थितियों का विश्लेषण करने, डिजिटल परिवर्तन को अपनाकर नेक्स्ट जेनरेशन टेक्नोलॉजी की मदद से भविष्य में सफलता की तलाश करने और समय के साथ कॉर्पोरेट जगत के लिए जरूरी कौशल को अपनाने का सुझाव दिया। साथ ही, कॉर्पोरेट जगत की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय बदलावों के देखते हुए उनके अनुरूप अपने लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित किया।

### एआई का सही इस्तेमाल सीखना होगा: अंकुर

प्रो राखी सिंह ने डब्ल्यूटीडब्ल्यू के सहायक निदेशक श्री सुधर्शन बोस और ग्रैंट थॉर्नटन भारत एलएलपी के सहायक निदेशक अंकुर गर्ग के साथ कॉर्पोरेट जगत के बदलते परिवेश, उपयोगी कौशल, युवा प्रबंधकों के नैतिक दायित्व पर चर्चा की। चर्चा के दौरान सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों के कार्य-संस्कृति, बाजार की बदलती स्थितियों, और कंपनियों को जीवित रखने की रणनीतियों पर चर्चा हुई। अंकुर गर्ग ने कहा कि आज के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ज्ञान और समझ की व्यापक पहुंच उपलब्ध करा रहा है, इसका सही इस्तेमाल करना सीखना होगा।

**Hindustan_13.07.2025_P.10**

# विद्यार्थी डिजिटल परिवर्तन से अपना भविष्य गढ़ें : उमाशंकर




मैनेजमेंट कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि को भेंट देते पदाधिकारी.

- आइआइएम रांची में मैनेजमेंट कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन

**रांची.** आइआइएम रांची में शनिवार को आयोजित मैनेजमेंट कॉन्क्लेव 2025 में प्रबंधन की भूमिका और अनिश्चितता के दौर में नेतृत्व की दिशा पर विचार हुआ. संस्थान के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रबंधन एक ऐसा विषय है जिसमें शोध और शिक्षा दोनों शामिल हैं. बहु-वास्तविक दुनिया में सामाजिक वास्तविकताओं को समझना जरूरी है, ताकि संसाधनों की पहचान कर उनका सही इस्तेमाल किया जा सके. आज के व्यावसायिक परिवेश में जटिलताएं हैं, जहां निश्चित गणना कारगर नहीं होती. ऐसे में संभावनाओं की खोज ही सफलता का मार्ग है. कॉन्क्लेव में उद्योग जगत के वरिष्ठ पेशेवरों व प्रबंधकों ने बदलते समय के साथ व्यवसाय और प्रबंधन के बदलते स्वरूप पर चर्चा की. विशिष्ट अतिथियों में एलटीआइ माइंडट्री के ग्लोबल डेलिवरी हेड उमाशंकर रंगास्वामी, डब्ल्यूटीडब्ल्यू के सहायक निदेशक सुदर्शन बोस, ग्रैंट थॉर्नटन भारत एलएलपी के सहायक निदेशक अंकुर गर्ग, त्रिवेणी टरबाइंस लिमिटेड के विक्रम गुप्ता, एथर एनर्जी की निदेशक-एचआर निधि प्रसाद और ग्रुप एचआर हेड गोकी कमल चंद्रन शामिल थे.

**समय के साथ कॉर्पोरेट जगत के लिए जरूरी कौशल को अपनाएं :** उमाशंकर रंगास्वामी ने 'एक नयी शुरुआतः विचार और अनुभव' विषय पर कहा कि कॉर्पोरेट जगत के व्यवधान को पहचानने के लिए परिस्थितियों का विश्लेषण करें. डिजिटल परिवर्तन और नेक्स्ट जेनरेशन टेक्नोलॉजी की मदद से सफलता की तलाश करें. दूसरे सत्र में प्रो राखी सिंह ने सुदर्शन बोस और अंकुर गर्ग के साथ कॉर्पोरेट परिवेश, उपयोगी कौशल और युवा प्रबंधकों के नैतिक दायित्व पर चर्चा की. एआइ के सही इस्तेमाल और अनिश्चित संभावनाओं के सरल उपाय तलाशने पर जोर दिया गया.

Prabhat Khabar_13.07.2025_P.11

# आईआईएम रांची... मैनेजमेंट कॉन्क्लेव में उद्योगों के बदलते स्वरूप पर चर्चा

## स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन

**सिटी रिपोर्टर | रांची**

भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची ने शनिवार को स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में मैनेजमेंट कॉन्क्लेव 2025 की मेजबानी की। इस सम्मेलन में कॉर्पोरेट जगत के लीडर्स ने अनिश्चितता विषय पर अपने विचार साझा किए। बदलते समय के साथ व्यवसाय और प्रबंधन के बदलते स्वरूप पर चर्चा की। संस्थान के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कॉन्क्लेव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, आज के व्यावसायिक परिवेश में जटिलताएं है, जहां निश्चित गणना कारगर नहीं हो सकती। ऐसे में संभावनाओं की खोज करना ही एकमात्र सफलता का मार्ग है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि एलटीआई माइंडट्री के ग्लोबल डिलीवरी हेड उमा शंकर रंगास्वामी ने उन्होंने कॉर्पोरेट जगत की समस्याओं को पहचानने के लिए परिस्थितियों का विश्लेषण करने, डिजिटल परिवर्तन को अपनाकर नेक्स्ट जेनरेशन टेक्नोलॉजी की मदद से भविष्य में सफलता की तलाश करने और समय के साथ कॉर्पोरेट जगत के लिए जरूरी कौशल को अपनाने का सुझाव दिया। वहीं, पैनल चर्चा में डब्ल्यूटीडब्ल्यू के एसोसिएट डायरेक्टर सुदर्शन बोस, ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी के एसोसिएट डायरेक्टर अंकुर गर्ग, सहायक प्रबंधक प्रिया सिंह, मानव संसाधन, गोक्वी के ग्रुप हेड कमल चंद्रन, एथर एनर्जी की निदेशक निधि प्रसाद, त्रिवेणी ट्यूबाइन्स लिमिटेड के हेड विक्रम गुप्ता शामिल हुए।

Dainik Bhaskar_13.07.2025_P.04

# आईआईएम में मैनेजमेंट कॉन्क्लेव आज, कॉर्पोरेट जगत के लीडर्स आएंगे

रांची| भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची शनिवार को स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में मैनेजमेंट कॉन्क्लेव-2025 की मेजबानी कर रहा है। इस सम्मेलन में कॉर्पोरेट जगत के लीडर्स अपने विचार साझा करेंगे। साथ ही भविष्य के बिजनेस लीडर्स के साथ चर्चा भी करेंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि एलटीआई माइंडट्री के ग्लोबल डिलीवरी हेड उमा शंकर रंगास्वामी होंगे। पैनल चर्चा में डब्ल्यूटीडब्ल्यू के एसोसिएट डायरेक्टर सुदर्शन बोस, ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी के एसोसिएट डायरेक्टर अंकुर गर्ग, सहायक प्रबंधक प्रिया सिंह, मानव संसाधन, गोक्वी के ग्रुप हेड कमल चंद्रन आदि शामिल होंगे।

Dainik Bhaskar_12.07.2025_P. 04